

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट का पटना और सन्मार्ग झारखंड मीडिया प्रा.लि हिन्दी डेली, मॉर्निंग इंडिया इंग्लिश डेली, आवामी न्यूज, उर्दू डेली एवं लाइव-7 हिन्दी न्यूज चैनल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। इस अवसर पर कुमुद जी, सीइओ एवं सन्मार्ग ग्रुप के सीजीएम जयमंगल जी की उपस्थिति में सीआईएमपी के निदेशक डॉ राणा सिंह एवं सन्मार्ग के जीएम मो. अमीनुद्दीन खान ने हस्ताक्षर किया। इसके तहत सीआईएमपी के छात्र प्रैक्टिल ज्ञान, खासकर मेडिया मारकेटिंग एवं संपादकीय तजुरबा ले सकेंगे।

Sanmarg ! Page.No-03 ! Dated:14-04-2022

सीआइएमपी के स्टूडेंट्स को बताया गया बिजनेस मॉडल

(आज समाचार सेवा)

पटना। सीआइएमपी में बुधवार को बिजनेस मॉडल इनोवेशन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता रिलायंस जियो बिहार के सीइओ प्रवीर कुमार ने स्टूडेंट्स को विषय पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बिहार में दूरसंचार क्षेत्र के व्यवसाय में आये परिवर्तनों और नवाचारों विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने एक इनोवेटिव बिजनेस मॉडल के रूप में रिलायंस जियो की सफलता की कहानी पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि एक सर्विस प्रोवाइडर के रूप में जियो ने खुद को कैसे स्थापित किया और किस तरह पांच साल से भी कम समय में सबसे बड़े सर्विस प्रोवाइडर के रूप में उभरकर सामने आया। रिलायंस जियो की वॉयस के लिए कोई शुल्क नहीं, बल्कि डेटा के लिए शुल्क की अभिनव की रणनीति को दूरसंचार बाजार के इतिहास में एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कुछ भी जो कंपनी की लागत को कम करता है या राजस्व बढ़ाता है और पहली बार लागू किया जा रहा हो, वह इनोवेशन है. मौके पर सीआइएमपी बीआइआइएफ के सीइओ कुमोद कुमार और नोडल अधिकारी प्रो राजीव वर्मा व अन्य लोग मौजूद थे।

AAJ ! Page.No-08 ! Dated: 14-04-2022

सीआईएमपी के छात्रों ने जाने इनोवेशन के गुर

पटना। सीआईएमपी-बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा सीआईएमपी ऑडिटोरियम में बिजनेस इनोवेशन मॉडल विषय पर बुधवार को सेमिनार में छात्रों ने इनोवेशन के गुर सीखे। रिलायंस जियो बिहार के सीईओ प्रवीर कुमार मुख्य वक्ता थे। सीआईएमपी-बीआईआईएफ के सीईओ कुमोद कुमार और नोडल अधिकारी प्रो. राजीव वर्मा ने स्वागत किया। प्रो. राजीव वर्मा बिहार में सीआईएमपी-बीआईआईएफ की सेमिनार-सीरीज पहल की बात की।

Hindustan (Hindi) ! Page.No-07 ! Dated:14-04-2022

सीआइएमपी के स्टूडेंट्स को बताया गया बिजनेस मॉडल

पटना. सीआइएमपी में बिजनेस मॉडल इनोवेशन विषय पर सेमिनार हुआ. इसके मुख्य वक्ता रिलायंस जियो बिहार के सीइओ प्रवीर कुमार ने स्टूडेंट्स को विषय पर जानकारी दी. उन्होंने बिहार में दूरसंचार क्षेत्र के व्यवसाय में आये परिवर्तनों और नवाचारों विषय पर प्रकाश डाला. उन्होंने एक इनोवेटिव बिजनेस मॉडल के रूप में रिलायंस जियो की सफलता की कहानी पर चर्चा की. उन्होंने बताया कि एक सर्विस प्रोवाइडर के रूप में जियो ने खुद को कैसे स्थापित किया और किस तरह पांच साल से भी कम समय में सबसे बड़े सर्विस प्रोवाइडर के रूप में उभरकर सामने आया. उन्होंने कहा कि कुछ भी जो कंपनी की लागत को कम करता है या राजस्व बढ़ाता है और पहली बार लागू किया जा रहा हो, वह इनोवेशन है. मौसीआइएमपी बीआइआइएफ के सीइओ कुमोद कुमार और नोडल अधिकारी प्रो राजीव वर्मा व अन्य लोग मौजूद थे.

Prabhat Khabar ! Page.No-07 ! Dated:14-04-2022